# श्री रामलीला, दशहरा नाट्य महोत्सव हेतु आवेदन आमंत्रित



जवाहर कला केन्द्र, जयपुर द्वारा सत्र 2025–26 में श्रीरामचरित नाट्य ''दशहरा नाट्य महोत्सव'' के आयोजन हेतु इच्छुक नाट्य निर्देशकों एवं नाट्य संस्थाओं से श्री रामलीला पर आधारित नाटकों के मंचन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रस्ताव भेजने हेतु पूर्ण जानकारी नियम एवं शर्ते केन्द्र की वेबसाईट से प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

इच्छुक नाट्य निर्देशक/संस्थाएं अपना प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में दिनांक 08 अगस्त 2025 से 17 अगस्त 2025 को सायं 5.00 बजे तक केन्द्र के स्वागत कक्ष पर और ई–मेल आई डी पर भेज सकते हैं। उपरोक्त से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा पत्र का प्रारूप जवाहर कला केन्द्र की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। निम्नलिखितानुसार नीचे दिये गये पते पर मुद्रित प्रति एवं ई–मेल पर भी डिजिटल प्रति भिजवाई जानी अनिवार्य है।

जवाहर कला केन्द्र
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302004 फोन नं. 0141–2706503, 2706560 वेबसाइटः www.jawaharkalakendra.rajasthan.gov.in
ईमेल jkk@rajasthan.gov.in

# जवाहर कला केन्द्र, जयपुर

## रामलीला ''दशहरा नाट्य महोत्सव''

**नियम व शर्ते**

1. केन्द्र द्वारा गठित राष्ट्रीय स्तर की नाट्य एवं संगीत विशेषज्ञों की समिति द्वारा आवेदनकर्ताओं का चयन किया जायेगा।
2. निर्देशक को रंगमंच के पूर्ण नाटकों के निर्देशन में न्यूनतम 10 वर्षों का नाट्य निर्देशन का अनुभव होना वांछनिय है।
3. पौराणिक नाटकों के निर्देशन का अनुभव होना चाहिए।
4. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ जीवनवृत (बायोडाटा), नाटक का प्रस्ताव एवं अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने होंगे।
5. निर्देशक/संस्था द्वारा पूर्व में निर्देशित किये गये नाटकों की सी.डी., स्क्रिप्ट, विडियो, न्यूज पेपर कटिंग एवं You Tube Link संलग्न करना आवश्यक है।
6. चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।
7. आवेदन के साथ श्री रामलीला ''दशहरा नाट्य उत्सव'' की विस्तृत अवधारणा का विवरण एवं नाट्य मंचन की पूर्ण स्क्रिप्ट प्रस्तुत करनी होगी।
8. नाटक की विस्तृत अवधारणा के साथ निम्नलिखित संलग्न करना अनिवार्य है।
    1. तकनीकी राईडर्स (प्रकाश एवं ध्वनि)
    2. संभावित मंचन नाट्य प्रस्तुति
    3. नाटक का संक्षिप्त विवरण
    4. नाटक की स्क्रिप्ट, विस्तृत अवधारणा विवरण (Detail Concept and treatment Note)
    5. मंच पर अभिनय करने वाले कलाकारों की संभावित सूची
    6. कलाकारों के वस्त्र विन्यास की सूची एवं विवरण
    7. मंच सामग्री, मंच सज्जा की सूची एवं विवरण
    8. ओडियो, विडियों, संगतकारों, मेकअप इत्यादि की पूर्ण जानकारी
    9. सेट, प्रकाश एवं ध्वनि, ओडियो, विडियों, संगतकारों, मेकअप, की सूची
    10. नाटक का अनुमानित व्यय
    11. निर्देशक का बायोडाटा, निर्देशक द्वारा पूर्व में किए नाटकों का विवरण, न्यूज पेपर कटिंग, नाटकों का You Tube Link एवं विडियों।

9. चयन समिति की चयन प्रक्रिया निम्न बिन्दुओं के आधार पर होगी :–

| क.सं. | विषय | अंक | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्देशक को रंगमंच के पूर्ण नाटकों के निर्देशन में 10 वर्षों का नाट्य निर्देशन का अनुभव होना वांछनिय है। | 10 वर्ष हेतु 15 अंक<br>प्रति 03 वर्ष के अनुभव हेतु 02 अंक | 25 |
| 2. | पौराणिक नाटकों के निर्देशन का अनुभव | प्रति 01 नाटक पर 05 अंक | 20 |
| 3. | पूर्व में मंचित नाटकों की गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन | — | 15 |
| 4. | प्रस्तावित नाटक की विस्तृत अवधारणा, योजना कथावस्तु एवं नाट्य उपचार | — | 20 |
| 5. | स्क्रिप्ट की मौलिकता, नाट्य संरचना व संवाद शैली | — | 20 |
| 6. | प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर नाट्य निर्देशन हेतु प्राप्त पुरस्कार | 01 पुरस्कार पर 05 अंक<br>01 से अधिक पर 10 अंक | 10 |
| 7. | निर्देशक का समग्र कलात्मक दृष्टिकोण, बायोडाटा, विषय–वस्तु की समझ व प्रस्तुति क्षमता | — | 10 |
| | **कुल** | | **120** |

नोट :–

- चयन प्रक्रिया मे ''मुख्य नाट्य निर्देशन'' के रूप में किये गये कार्य को ही वरियता दी जायेगी।
- अन्य किसी भी प्रकार की सहायक भूमिका (जैसे :– सहायक निर्देशक, सह–निर्देशक संयोजक, आयोजक एवं संगीत निर्देशक) में किया गया कार्य चयन प्रक्रिया में आवेदन करने हेतु मान्य नही माना जायेगा।
- आवेदक द्वारा प्रस्तुत संलग्न दस्तावेजों के सत्यापन के उपरान्त ही आवेदक को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
- आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त माना जायेगा। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात कोई दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।

10. केन्द्र को उपरोक्त रिकार्डिंग का प्रचार–प्रसार हेतु नाट्य प्रस्तुति का उपयोग करने का अधिकार होगा।

11. नाट्य निर्देशकों/संस्था द्वारा केवल आवेदन करने से प्रस्तुति का अधिकार स्वतः प्राप्त नहीं होगा।

12. नाट्य प्रस्तुति का कथानक एवं प्रस्तुति केवल केन्द्र द्वारा चयनित निर्देशक/संस्था से MOU (अनुबन्ध) होने के पश्चात ही मंचीत की जा सकती है।

13. समान अंक आने पर राजस्थान के कलाकार/निर्देशक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी एवं अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जवाहर कला केन्द्र के पास सुरक्षित होगा।

14. प्रस्तुत नाटक का कथानक एवं प्रस्तुति किसी जाति, समुदाय, वर्ण, लिंग अथवा धर्म पर आधारित व दुर्भावना के प्रकट करने वाली होने या द्वेष फैलता हो ऐसा पाये जाने पर निर्देशक की जिम्मेदारी होगी एवं केन्द्र के भविष्य के कार्यक्रमों से वंचित किया जा सकता है।

15. आवेदक सम्बंधित प्रमाण–पत्र, स्क्रिप्ट, विडियों पैनड्राइव में अथवा You Tube Link के साथ मुद्रित प्रति में ही चयन हेतु आवश्यक होगी।

16. केन्द्र द्वारा नाट्य प्रस्तुति हेतु सक्षम स्तर पर अनुमोदित बजट के अंतर्गत ही व्यय अनुमेय होगा। अतिरिक्त व्यय की स्थिति में उसका वहन निर्देशक/संस्था द्वारा किया जायेगा।

17. उपर्युक्त के सम्बन्ध में मंच से जुड़े सभी कलाकारों मंच पर एवं मंच परे कलाकारों, वालंटियर, तकनीकी सदस्यों (मंच सेटअप, प्रकाश, ध्वनि) संगीत, कलाकारों इत्यादि का अंतिम रूप से चयन का अधिकार जवाहर कला केन्द्र के पास होगा।

18. यह नाट्य महोत्सव कला को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसका उपभोक्ता एवं सेवा प्रदाता के रूप में कोई सम्बन्ध है। अतः कोई न्यायिक कार्यवाही मान्य नहीं होगी।

19. विशेष परिस्थितियों में कार्यक्रम को निरस्त करने का अधिकार केन्द्र के पास सुरक्षित होगा।

20. उपर्युक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद अथवा निर्वचन (Interpretation) की स्थिति में महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

21. यदि किसी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।